# जन्मे हैं मदन गोपाल | By Gagan Sharma

ब्रज में है आनंद छायो
हो जन्मे हैं मदन गोपाल
मदन गोपाल प्यारो मदन गोपाल
हो पूरे ब्रज में है आनंद छायो
हो जन्मे है मदन गोपाल
ब्रज में है आनंद छायो
हो जन्मे हैं मदन गोपाल

मैया यशोदा लाड लड़ावे
लाला को देख देख मुस्कावे
और चूमे बारम्बार
हो जन्मे है मदन गोपाल
ब्रज में है आनंद छायो
हो जन्मे हैं मदन गोपाल

बाबा नन्द के राज दुलारे
जन्मे हैं मोहन मुरली वाले
आया खुशियों का त्यौहार
हो जन्मे है मदन गोपाल
ब्रज में है आनंद छायो
हो जन्मे हैं मदन गोपाल

कदम कदम पर दीप जले हैं
ढोल मृदंग और झांझ बजे हैं
और नाच रहे है सब ग्वाल
हो जन्मे है मदन गोपाल
ब्रज में है आनंद छायो
हो जन्मे हैं मदन गोपाल

देव सभी दर्शन को आये
गगन भी चरणों में शीश झुकाये
और गाये बारम्बार
हो जन्मे है मदन गोपाल
ब्रज में है आनंद छायो
हो जन्मे हैं मदन गोपाल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%a8-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2-by-gagan-sharma/